
कलयुग के 'भगवान' पर मासूम को प्रताड़ित करने के आरोप
पीठ पर चोटों के निशान दिखाकर रोती रही बच्ची
मोहल्ले वालों ने बचाई जान
घर से भागी तो खुले कथित जुल्मों के राज

मासूम को घर में रखकर कराती थी घरेलू काम

गर्म चिमटे से पीठ-गर्दन जलाने का आरोप शांति उर्फ गुड़िया पर एफआईआर

शहडोल।

आशीर्वाद कॉलोनी में आठ वर्षीय बालिका से कथित मारपीट और घरेलू काम कराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अब प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जांच में बालिका के बयानों, परिजनों के कथनों और मेडिकल परीक्षण के आधार पर शांति उर्फ गुडिय़ा प्रजापति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 118(1), किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और बाल श्रम अधिनियम की धारा 14(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

चार महीने पहले 'पढ़ाई-परवरिश' के नाम पर लाई गई थी बच्ची

मामला 30 सितंबर की शाम सामने आया था, जब आठ वर्षीय लक्ष्मी कुशवाहा निवासी खाईपार बांदा, उत्तर प्रदेश, कथित प्रताडऩा से डरकर शहडोल के पांडवनगर स्थित घर से निकलकर पड़ोसी यशोवर्धन सिंह के घर पहुंची थी। बच्ची ने वहां अपने साथ मारपीट किए जाने की जानकारी दी, जिसके बाद डायल-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस बच्ची को कोतवाली लेकर आई और उसके संरक्षण की व्यवस्था की। पुलिस की जांच के अनुसार लक्ष्मी अपने माता-पिता की सात संतानों में से एक है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और वह अपनी बड़ी बहन प्रीति कुशवाहा के साथ बांदा में रह रही थी। करीब चार महीने पहले शांति उर्फ गुडिय़ा प्रजापति, जो प्रीति कुशवाहा की रिश्ते में बुआ सास बताई गई है, ने बच्ची को अपने घर भेजने के लिए कहा था। उसने कथित तौर पर बच्ची की पढ़ाई और परवरिश करने तथा अपनी बच्ची के साथ खेलने के लिए उसे रखने की बात कही थी। इसके बाद बच्ची को शहडोल लाया गया और शांति प्रजापति के सुपुर्द किया गया।

कुछ दिन बाद घरेलू काम कराने का आरोप

एफआईआर में दर्ज पुलिस जांच के अनुसार शुरुआत में बच्ची के साथ ठीक व्यवहार किया गया, लेकिन कुछ दिन बाद उससे घरेलू काम कराया जाने लगा। बच्ची से घर में पोछा लगाने, बर्तन धोने सहित अन्य काम कराए जाने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक बच्ची ने बताया कि काम करते-करते थक जाने पर भी उससे काम कराया जाता था और काम नहीं करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। बच्ची ने पुलिस को यह भी बताया कि शांति उर्फ गुडिय़ा उसे धमकी देती थी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो उसे चिमटे से जलाया जाएगा। एफआईआर में दर्ज बालिका के कथन के अनुसार करीब एक माह पहले गर्म चिमटे से उसकी पीठ और गर्दन में चोट पहुंचाई गई थी। डर के कारण उसने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी।

पति की गैरमौजूदगी में फिर मारपीट का प्रयास

30 सितंबर की शाम करीब 5 से 6 बजे शांति के पति डॉक्टर बीआर प्रजापति घर पर नहीं थे। इसी दौरान बालिका के अनुसार शांति उर्फ गुडिय़ा ने उसे दोबारा मारपीट करने के लिए दौड़ाया। डरकर बच्ची घर से भागी और पड़ोसी यशोवर्धन सिंह के घर पहुंच गई। उसने वहां शांति द्वारा मारपीट और प्रताड़ित किए जाने की बात बताई। यशोवर्धन सिंह ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी बच्ची को कोतवाली थाना लेकर आए। पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह शांति के घर रहकर घरेलू काम करती थी और मारपीट व डराए जाने के कारण अब वहां वापस नहीं जाना चाहती। पुलिस ने उसके बताए अनुसार उसकी बड़ी बहन प्रीति कुशवाहा से संपर्क किया।

बहन और अन्य परिजनों ने भी पुलिस को दिए बयान

पुलिस के मुताबिक प्रीति कुशवाहा ने अपने बयान में बच्ची द्वारा बताई गई घटनाओं की पुष्टि की। घटना की सूचना मिलने पर प्रीति अपने पति शिवा प्रजापति और सास टन्टी प्रजापति के साथ शहडोल पहुंची और बच्ची से बातचीत की। परिजनों के बयानों को भी पुलिस ने जांच में शामिल किया है। पुलिस ने बालिका का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल रिपोर्ट में चोट के निशान पाए जाने और चोट को साधारण प्रकृति का बताया गया है। रिपोर्ट में चोट की प्रकृति के संबंध में सर्जिकल विशेषज्ञ से राय लेने का भी उल्लेख किया गया है।

बालिका को बाल शिशु गृह में रखा गया

पुलिस ने बालिका के तत्काल संरक्षण को देखते हुए उसे शासकीय संरक्षण में लिया। इसके बाद अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति शहडोल को पत्र भेजकर बालिका को आश्रय के लिए बाल शिशु गृह में दाखिल कराया गया। अब बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका की काउंसलिंग की जाएगी और समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने जांच के बाद दर्ज की एफआईआर

कोतवाली पुलिस ने 30 सितंबर की घटना से संबंधित रोजनामचा रिपोर्ट और जांच के आधार पर एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में शांति उर्फ गुडिय़ा प्रजापति पति डॉ. बी.आर.प्रजापति, निवासी वार्ड नंबर 07 पांडवनगर, शहडोल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 118(1), किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की धारा 75 तथा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 14(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह को सौंपी गई है। पुलिस की जांच अब इस बिंदु पर भी केंद्रित है कि बच्ची को किन परिस्थितियों में बांदा से शहडोल लाया गया, उसकी देखरेख की वास्तविक व्यवस्था क्या थी और उसके साथ कितने समय से कथित रूप से मारपीट एवं घरेलू काम कराया जा रहा था। एफआईआर में दर्ज आरोपों की पुष्टि विवेचना, मेडिकल एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर होगी।

गांधी जयंती पर भारतीय स्टेट बैंक शहडोल ने चलाया स्वच्छता अभियान



शहडोल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-3,शहडोल एवं शाखाओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पांडव नगर तालाब परिसर, शहडोल में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण के निर्माण के साथ-साथ आमजन में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार गुप्ता के साथ मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, प्रकाश टोपनो, रविश रंजन एवं धीरज कुमार तथा एसबीआई शहडोल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। एसबीआई शहडोल द्वारा आयोजित यह पहल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रही।

अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा सत्य का मार्ग अटल होना चाहिए

गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

विद्यालय में कमेटी गठित कर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जयसिंगनगर। गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में जयसिंहनगर कें विभिन्न-विभिन्न विभागों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉडल विद्यालय, सांदीपनीं विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना जयसिंहनगर और पं. अटलबिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर। इस कार्यक्रम कें दौरान कार्यक्रमों की झडिया लगीं जिसमें मैराथन दौड़ संदीपनि विद्यालय कें खेल मैदान में सम्पन्न कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं थाना जयसिंहनगर में वृक्षारोपण उपरांत सांदीपनी विद्यालय में मंचासीन कार्यक्रम कर बच्चों कों उत्साहित करनें कें लिए कमेटी बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन कर राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी कें जीवन कीं झलकियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथिशिवलाल केवट द्वारा अपनें वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भारत की आजादी और समाज सुधार के लिए सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलते हुए कई महान कार्य किए। गांधी जी का मानना था कि हमें हमेशा सच बोलना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन में कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का साथ कभी नहीं छोड़ा। वे कहते थे कि सच्चाई से लोगों का विश्वास जीता जा सकता हैं और समाज में अच्छा वातावरण बनता हैं। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधिक सेवा समिति तहसील के अध्यक्ष एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवलाल केवट, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 सुश्री लघुता मरकाम, एसडीओ वन परिक्षेत्र गौरभ सक्सेना, खण्ड चिकित्सा अधिकारी आनंद प्रताप सिंह, थाना प्रभारी अजय बैगा, वन समिति उपाध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय,ब्लॉक अध्यक्ष पत्रकार संघ राकेश गुप्ता, संपादक शहडोल सीतेंद्र पयासी, अधिवक्ताओ में राजेंद्र गौतम, रामकेश पाण्डेय, मुलायम चंद्र जैन, अधिवक्ता संघ जयसिंहनगर के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल,संतोष कुमार तिवारी, लव कुश गुप्ता, लालमणि गुप्ता, दीपकमल गुप्ता, संजय कुमार राव, महेंद्र त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, राजेंद्र सेन, पुष्पेंद्र कुशवाहा, अनूप मिश्रा, राम प्रकाश द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता कें साथ शिक्षकों में नीलेश द्विवेदी, ऊषा सिंह भाठिया, भारती शुक्ला, प्रमोद भाठिया, दीपेश द्विवेदी, मनोज पाण्डेय, पूजा तिवारी,उपस्थित रहे। महिला बाल बिकस सें लक्ष्मी रैकवार कें साथ समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। विजय दुबें, गोविन्द नारायण तिवारी, पत्रकार राजेन्द्र शर्मा। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारीगण, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारी व विभिन्न विद्यालय के प्रचार्य प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक सहित विद्यालय के विद्यार्थी, थाना के पुलिसकर्मी एवं नगर के प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में मैराथन दौड़, प्रश्नोत्तरी, स्वच्छता के संबंध में शपथ, साफ सफाई का कार्यक्रम, वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया।





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम



शहडोल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आई.पी.पी. 06 सभागार मे गांधी जयंती का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय कुष्ठ इकाई द्वारा कुष्ठ रोग मुक्त समाज की स्थापना एवं कुष्ठ रोगीयों को समाज की समाज की मुख्यधारा मे जोडकर उन्हें सामान्य जीवन देने का संकल्प प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. शुक्ला की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि हम सब यह संकल्प ले कि गांधी जयंती के अवसर पर हम कुष्ठ के मरीजों की सेवा कर उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीने की राह दिखाऐंगें। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ रोग साध्य है, आवश्यकता है कुष्ठ रोग के लक्षण पहचान कर चिकित्सक को दिखायें एवं उनके द्वारा दी गयी दवा का पूर्ण उपचार प्राप्त करे। कुष्ठ रोग की दवांये शासन द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती है। समाज में कुष्ठ के मरीजों को सामान्य व्यक्ति की तरह व्यवहार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डॉ. भूपेन्द्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी हनुमान नामदेव, डॉ. अंसुमान सोनारे, संजय सेन, धीरेन्द्र श्रीवास्वत, रजनीश गुप्ता, लाल बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जगाई स्वच्छता की अलख

सांसद ने सफाई कर्मियों को किया समानित, रोपित किए पौधे

शहडोल। संभागीय मुख्यालय के मोहनराम तालाब में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने साफ सफाई कार्य में श्रमदान कर स्वच्छता की अलख जगाई। कार्यक्रम में सांसद ने सफाई कर्मियों को फल की टोकरी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लोगों को प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की शपथ भी दिलाई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बांटे फल



शहडोल। संभागीय मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 29 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बच्चों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शक्ति लश्कार ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर हितग्राहियों से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद ने आंगनबाड़ी केंद्र की विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने केंद्र की गतिविधियों को लेकर उपस्थितजनों से चर्चा भी की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका ममता द्विवेदी, केसरी चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर आरक्षक निलंबित

शहडोल। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल द्वारा पंचायत उप चुनाव 2026 के दौरान ईव्हीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा ड्यूटी से अनुपस्थित रहने एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर आरक्षक नरेश मार्को को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर थाना ब्यौहारी संबद्ध किया गया है। पंचायत उप चुनाव 2026 के दौरान दिनांक 23 सितंबर 2026 को आरक्षक नरेश मार्को थाना सिंहपुर को ईव्हीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था हेतु रायफल इंसास के साथ ड्यूटी पर रवाना किया गया था। आरक्षक 29 सितंबर से निर्धारित ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित रहा। निर्धारित चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने एवं बिना अनुमति वापस न लौटने के कारण आरक्षक द्वारा घोर अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही प्रदर्शित की गई। उक्त कृत्य को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल द्वारा आरक्षक नरेश मार्को को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर

नीलगिरी का अवैध कटान कर रहे अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश

तीन आरोपी मौके से रंगे हाथों गिरफ्तार

शहडोल। दक्षिण शहडोल वनमंडल अंतर्गत शहडोल वन परिक्षेत्र की टीम ने नीलगिरी की लकडिय़ों की अवैध कटाई और तस्करी करने वाले एक गिरोह को दबोचने में सफलता हासिल की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बीती रात घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन सहित नीलगिरी के 40 ल_े और तीन आरा मशीनें जब्त की हैं।

वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल महेंद्र प्रताप सिंह, वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पंद्रे एवं उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। 1 अक्टूबर की मध्यरात्रि लगभग 02 बजे वन विभाग को सूचना मिली थी कि सिंहपुर वृत्त के जोधपुर बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 790 से कुछ लोग बड़े पैमाने पर नीलगिरी के पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही शहडोल वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों एवं रात्रि गश्ती दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पूरे जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर दी।



वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि जंगल के अंदर कुछ लोग नीलगिरी के पेड़ों को काटकर एक मालवाहक गाड़ी में लाद रहे थे। सतर्क वन अमले ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों व्यक्तियों को मौके पर ही धर दबोचा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपनी पहचान अनूपपुर जिले के केल्हारी निवासी आर्सल चौरसिया पिता उमेश चौरसिया, गंगाराम चौरसिया पिता प्रेमलाल चौरसिया तथा अनुज चौरसिया पिता शोभनाथ चौरसिया के रूप में दी। जब अधिकारियों ने लकड़ी काटने और परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।

वन अमले ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके से नीलगिरी के 40 नग ल_े, लकड़ी काटने में इस्तेमाल की जा रही 3 आरा मशीनें तथा मालवाहक गाड़ी जब्त कर ली। जब्त किए गए वाहन, उपकरण और लकड़ी को सुरक्षा के लिहाज से नरसरहा काष्ठागार डिपो में रखवा दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अवैध कटाई पर इस बड़ी कार्रवाई में शहडोल वन परिक्षेत्राधिकारी विनायक कुमार गौतम, वनक्षेत्रपाल राजेश श्रीवास्तव, सिंहपुर परिक्षेत्र सहायक (कार्यवाहक वनपाल) राकेश द्विवेदी, अंतरा बीट प्रभारी अविनाश सिंह और जोधपुर बीट गार्ड रामकिशोर बैगा सहित अन्य वन कर्मियों की विशेष भूमिका रही। वन विभाग की इस अचानक हुई सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के लकड़ी तस्करों में हडक़ंप मच गया है।

संकल्प यात्रा दे रही सेवा, समर्पण और सहभागिता का संदेशः विधायक

बैंड-बाजे, पुष्पवर्षा कर सेवा संकल्प यात्रा का किया गया स्वागत



शहडोल। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी की ओर अग्रसर सेवा संकल्प यात्रा की बाइक रैली शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पकरिया पहुंचने पर बैंड-बाजे, पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही ग्राम पकरिया में ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा संकल्प यात्रा जन-जन तक सेवा, समर्पण, जनभागीदारी और सामाजिक सहभागिता का संदेश पहुँचा रही है। यह यात्रा हर पड़ाव पर एक नया उत्साह जगा रही है। ग्राम चौपाल के विभिन्न योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत आज आयोजित होगी गतिविधियां

उमरिया। सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर से 10 तक किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर 3 अक्टूबर को योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा।

महीरूह संगीत उत्सव पाली में आज

उमरिया। जिला प्रशासन के संयोजकत्व में मणिका संगीत एवं कला संस्कृति संस्थान व्दारा 3 अक्टूबर को पाली में महीरूह संगीत उत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सायं 5 बजे से मीना ग्राउण्ड पाली में प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में सांसद शहडोल हिमांद्री सिंह, विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह तथा आशुतोष अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। मणिका संगीत संस्थान व्दारा प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में सागर के साक्षी पटेरिया एवं उनके साथियों व्दारा बुंदेली बौछार, दिल्ली के अपर्ण सराठे एवं साथियों व्दारा कथक समूह नृत्य मैहर के ज्योति चौधरी एवं उनकी साथियों व्दारा नल तरंग वादन, भोपाल के मणिका पांडेय एवं उनके साथियों व्दारा बनारसी ठुमरी दादरा एवं जबलपुर के दामिनी सालवी एवं उनके साथियों व्दारा सूफी समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

आज कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारी करेंगे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का भ्रमण

उमरिया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह व्दारा ग्रामीण एवं शहरी अचंलों का भ्रमण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि शिविर में शामिल होने से पूर्व विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावास, विद्यालय, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान एवं अन्य संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे तथा तदुपरांत दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित जन संवाद स्थल में उपस्थित होकर अपने अपने विभाग के किए गए निरीक्षण की विस्तृत जानकारी से अवगत कराएंगे तथा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि घुलघुली, भुंडी, मसूरपानी, कौडिया 63, जरहा, नयागांव, जुडवानी, गोपालपुर, कंचनपुर, नरवार 29 ,महुरी तथा देवरी मजरा के साथ ही नगर परिषद नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक 12,13,14 एवं 15 का भ्रमण किया जाएगा।

गांधी जयंती पर जिला स्तरीय अपृश्यता निवारण एवं सद्भावना शिविर का आयोजन संपन्न

गांधी जी की बताए रास्ते पर चलने का लें संकल्पः विधायक







जिले में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

उमरिया। जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी जिले भर में मनाई गई। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय अपृश्यता निवारण एवं सदभावना शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत रहठा के मोहनी गांव में किया गया। इस अवसर पर समरसता सहयोग का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ़ श्री शिवनारायण सिंह ने कहा कि सभी लोग महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लें। आज का दिन पूरे राष्ट्र में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यो का अनुसरण करना चाहिए। आजादी की लड़ाई में इन दोनों महापुरूषों का बहुत बड़ा योगदान है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता ने समरसता व सदभाव का संदेश दिया। उन्होंने समाज में प्रेम, सदभाव कायम रहें इसके लिए भेदभाव को मिटाने का संकल्प लिया था। हमें बापू के बताए रास्ते पर चलकर देश को उन्नतिशील देश बनानें में अपनी सहभागिता निभानी होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के संकल्प को आत्मसात कर अपने आस पास व शहर गांव, गली मोहल्ले मे साफ सफाई का कार्य करना चाहिए। उन्होने कहा कि हमारे देश के युवाओं में बहुत प्रतिभा है जरूरत है कि निश्चित लक्ष्य लेकर उसे निखारा जाए। उन्होने युवाओं एवं विद्यार्थियों से आव्हान किया कि सभी मिलकर अपने देश को विश्व गुरू बनानें में सहभागी बनें। इस अवसर पर अपने उदबोधन में आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी के पुरोधा का जन्म दिन है। हमारे देश में शासन करने वाले अंग्रेजो ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत सामाजिक, वैमन्स्यता फैलाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सबको साथ लेकर कृत संकल्पित होकर 2047 तक भारत को गौरवशाली राष्ट्र बनानें के लिए कार्य कर रहे है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संदेश है कि गरीब, युवा, किसान व महिला की प्रगति हो और देश समृध्दशाली बनें । कार्यक्रम मे मिथिलेश पयासी ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास मे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा है। महात्मा गांधी जी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जनम जंयती है। बापू ने अहिंसा, सत्य का संदेश दिया। उन्होने समाज में एकता व भाईचारें का संदेश देकर जन जन को जोडने का कार्य किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा व्दिवेदी ने बताया कि राष्ट्रपिता जी के जन्म जयंती पर सदभावना शिविर में समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक साथ लाकर समरसता का संदेश दिया गया है। जन जातीय कार्य विभाग के संयोजकत्व मे आयोजित कार्यक्रम में वृध्दजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अंतर्राजातीय विवाह करने वालो को प्रोत्साहन राशि तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशास्त्रि दिए गए। कार्यक्रम में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया गया बडी संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने क्षेत्रीय विधायक शिवनारायण सिंह के जन्म दिवस पर भी उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दीपक छत्तवानी, सरपंच शीलता बाई, श्रीमती राधा बाई सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत विधायक सहित जनप्रतिनिधियो व संभ्रांत जनों ने समरसता भोज में भाग लिया।

गांधी जयंती पर आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान





उमरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा , स्वच्छ भारत विकसित भारत के तहत जिले में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने साफ सफाई कार्य में श्रमदान कर स्वच्छता की अलख जगाई। इसके साथ ही शासकीय हाई स्कूल पठारी फाटक में विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। जिले के विद्यालयों में स्वच्छता दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। गांधी चौक में कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस दौरान सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह, उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ,पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह, अशोक गोटिया, शंभू खटटर, संजय पांडेय, संतोश सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड नाटक की गतिविधियां जारी

उमरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ हाट बाजारों में शासन की विभिन्न योजनाओ का स्थानीय बोलचाल की भाषा में प्रचार प्रसार के उददेश्य से नुक्कड नाटक मंडलियों व्दारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को सांदिपनी विद्यालय करकेली, करकेली विकासखंड मुख्याालय तथा रानी दुर्गावती भवन उमरिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शासन की योजनाओ की जानकारी आम जनों को दी जाएगी।

सेवा सेतु अभियान के तहत पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने की अपील

उमरिया। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उमरिया वृत्त द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना' के संबंध में नागरिकों को जानकारी, मार्गदर्शन एवं आवेदन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अधीक्षण अभियंता श्री योगेश कुमार उइके ने जिले के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अभियान का लाभ उठाते हुए अपने घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराने के लिए आगे आएं।पीएम सूर्य घर योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सिस्टम पर अधिकतम 78 हजार तक की केंद्रीय सब्सिडी का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र से घरेलू बिजली की आवश्यकता का एक हिस्सा पूरा होने से बिजली खर्च में कमी लाने में सहायता मिल सकती है। योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर बिना कोलेटरल ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। विद्युत कंपनी एवं ऊर्जा विकास निगम द्वारा उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और सोलर संयंत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उपभोक्ता योजना का लाभ लेने के लिए चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र अथवा जोन कार्यालय से संपर्क कर जानकारी एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है। सहायता के लिए चडैळ व्हाट्सएप चौटबॉट नंबर 8815107640 का भी उपयोग किया जा सकता है। विद्युत विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली इस योजना की जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

महाविद्यालय के छात्रों ने लिया स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प



उमरिया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय रण विजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता बनाए रखने और अपने आसपास साफ-सफाई रखने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अमित कुमार निगम ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। विद्यार्थियों को स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एस.के. वर्मा, ऋषि राजपुरवार, श्रीमती रानी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अरविंद साईं बरकड़े सहित महाविद्यालय के अधिकारी, प्रध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जयंती पर राष्ट्रपिता को किया नमन, सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



अमरकंटक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता को स्मरण किया गया। नर्मदा मंदिर के सामने स्थित गांधी कुंड में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद कर्मचारियों एवं नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बनाकर देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी समाज में शांति, सद्भाव, स्वच्छता और सामाजिक एकता की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित लोगों ने गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह ऊईके, पार्षद विमल दुबे, श्यामलाल सेन एवं हरि सिंह ऊईके, सेवानिवृत्त नगर परिषद लेखपाल राधेश्याम उपाध्याय, नगर परिषद कर्मचारी गणेश पाठक, देवेंद्र जैन, लखन झरिया, नर्मदा प्रसाद पाठक, संतोष तिवारी, पत्रकार धनंजय तिवारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के डोंडी लोहारा से अमरकंटक पहुंचीं महिलाओं ने भी गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता को श्रद्धापूर्वक नमन किया। गांधी जयंती के अवसर पर गांधी कुंड परिसर में राष्ट्रपिता के विचारों और आदर्शों को याद करते हुए सत्य, अहिंसा, स्वच्छता तथा सामाजिक सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

घर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

अमरकंटक। थाना अमरकंटक क्षेत्र के ग्राम नोनघटी में एक 30 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 29 सितंबर 2026 की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक भेजा। जानकारी के अनुसार धनेश्वरी बाई पत्नी मानसिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम नोनघटी ने अपने घर के अंदर दरवाजा बंद कर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय उसका छह वर्षीय पुत्र स्कूल गया हुआ था। करीब शाम 4:30 बजे बच्चा स्कूल से घर लौटा तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया। इसके बाद बच्चे ने अपने बड़े मम्मी-पापा को दरवाजा बंद होने की जानकारी दी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो धनेश्वरी बाई फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। बताया गया कि मृतिका का पति मानसिंह काम के सिलसिले में केरल गया हुआ है। ससुर अमृत सिंह की रिपोर्ट पर थाना अमरकंटक पुलिस ने मर्ग क्रमांक 40/26, धारा 194 बीएनएस के तहत मामला कायम कर जांच में लिया है। प्रधान आरक्षक धनंजय एवं आरक्षक गोकुल टांडिया द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतिका का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में कराया गया। परिजनों के अनुसार मृतिका का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। पुलिस द्वारा मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मंदिर परिसरों में चला स्वच्छता अभियान प्लास्टिक मुक्त परिसर की ली शपथ



बदरा/जमुना। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान एवं कोशिश सेवा समिति कोतमा कॉलरी के संयुक्त तत्वावधान में जमुना कालरी स्थित शीतला माता मंदिर एवं ग्राम पंचायत बदरा के कुशियरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा में मेरा योगदान' एवं 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अंतर्गत किया गया। अभियान में नवांकुर संस्था के सदस्यों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मंदिर परिसर और आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर साफ-सफाई की। लोगों से अनुपयोगी सामग्री एवं कचरे को निर्धारित कचरा पात्र में डालने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। स्वच्छता अभियान के बाद उपस्थित लोगों ने परिसर को स्वच्छ रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका पसान के स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल सिंह तथा स्वच्छता कर्मी अमित एवं मंगल का श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कोशिश सेवा समिति कोतमा कॉलरी के सचिव जितेंद्र रजक, नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान के प्रतिनिधि विकास कुमार, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि अजय यादव सहित राजा, सचिन जायसवाल, मीनू तिवारी, दुर्गा चौहथा, अमीन अहमद, नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान-भालूमाड़ा के प्रतिनिधि, परामर्शदाता शिवानी सिंह तथा सीएमसीएलडीपी छात्र पारस मुखर्जी, अंकुश कुमार, शिवराम, स्नेहा सिंह, जिज्ञासा सहित स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

सफाई मित्रों को सम्मानित कर किया गया ड्रेस वितरण

राजनगर। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संकल्प सेवा अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर को निकाय के द्वारा मुख्य दुर्गा पूजा प्रांगण/व्हालीवाल ग्राउण्ड परिसर में हरित महाअभियान का गरिमामय आयोजन किया गया, इस विशेष अवसर पर परिषद के गणमान्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राऊंड परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले कर्मठ स्वच्छता मित्रों को निकाय सभाकक्ष में ड्रेस का वितरण करके उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम एवं निकाय अध्यक्ष व जिला योजना समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कमलेश त्रिपाठी, सभापति रवि सिंह, पार्षद सरिता यादव, एल्डरमैन ममता पात्रो, भाजपा महिला मोर्चा



मण्डल अध्यक्ष संगीता साहू, पार्षद पति डॉ. योगेश पालीवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं एवम कार्मिको की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। ड्रेस वितरण एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए निकाय अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि संकल्प ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल हमारे नगर को कचरा मुक्त और स्वच्छ रखना है, बल्कि व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित और भावी पीढ़ी के लिए रहने योग्य बनाना भी है। स्वच्छता मित्रों को ड्रेस वितरण करते हुए डॉ. चौरसिया ने उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन सभी को सम्मानित भी किया और उन्हें नगर की रीढ़ की हड्डी की संज्ञा दी। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत सफाई मित्रों से वृक्षारोपण कराकर किया गया, कार्यक्रम में नगरवासियों ने भी हिस्सा लिया और इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करायी, इस अवसर पर नागरिकगण सुजीत पाण्डेय, संजीत दूबे, सुशीला महरा परिषद के कर्मचारीगण प्रतिज्ञा मिश्रा, अखिलेश सिंह परिहार, सत्येंद्र चौहान, तीरथ पनिका, त्रिलोकीनाथ राय, अमित जायसवाल, मुन्नापाल, प्रशांत केशरवानी, अनुरद्ध दाहिया, पवन गौतम, उत्तम कोल, जयप्रकाश रवि, सुरेश यादव समेत सफाई मित्र (स्वच्छता विंग) छिद्दू, प्रकाश सनकत, रमेश,मुरली, चंदन, राजन, कमलेश, सूरज खरारे, मनीष, विनोद डागौर, शनि, सचिन, विकास, सूरज बाल्मिक, रेखा, शकुन, मीना, नेहा, सविता, संगीता, माधुरी, रेशमा सहित अन्य कर्मचारीगण एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भालूमाड़ा में नुक्कड़ सभा

बदरा/जमुना। सेवा संकल्प अभियान के तहत एटीएम चौक भालूमाड़ा में जनपद शिक्षा केंद्र अनूपपुर के आयोजन एवं पसान नगर पालिका के सहयोग से नुक्कड़ सभा और नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने उपस्थित होकर कलाकारों की प्रस्तुतियां देखीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू गुप्ता ने की। कार्यक्रम में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ ही विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने विजन-2047 की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत के निर्माण में आम



नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। जनपद शिक्षा केंद्र अनूपपुर के समन्वयक राजमणि पांडे ने विकसित भारत एवं विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प और उसकी दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर जमुना संकुल प्राचार्य अवध राज सिंह सोलंकी, जेईएम प्राचार्य गुलाब सिंह, जन शिक्षक ज्ञान प्रकाश विश्वकर्मा सहित जनपद शिक्षा केंद्र के कर्मचारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के संस्था प्रधान एवं प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भालूमाड़ा क्षेत्र के कई पार्षदों ने भी सहभागिता की, जिनमें इंद्रलाल केवट, शकुन पनिका एवं अब्दुल कलाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन में पसान नगर पालिका का सहयोग सराहनीय रहा।

खबर संक्षेप

बुधगांव में जल संरक्षण की पहल, 300 बोरियों का बोरी बंधान

डिंडौरी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कारोपानी के ग्राम बुधगांव में जिला प्रशासन के निर्देशन में जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर बोरी बंधान और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।कार्यक्रम के दौरान जल एवं मृदा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 300 बोरियों का बोरी बंधान तैयार किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए 100 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं ग्राम पंचायत कारोपानी की महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ की स्कोरर परीक्षा में अभय मिश्रा का चयन, शहडोल संभाग से इकलौते, संभाग का नाम किया रोशन

शहडोल मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (MPCA) द्वारा आयोजित स्कोरर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम में शहडोल जिले के बुढ़ार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेमुहा के मूल निवासी एवं वर्तमान में बुढ़ार निवासी अभय कुमार मिश्रा का चयन स्कोरर के रूप में हुआ है। अभय के चयन की खबर सामने आते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों, क्रिकेट जगत, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं इष्ट-मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



अभय कुमार मिश्रा उपेंद्र कुमार मिश्रा के सुपुत्र हैं, जो वर्तमान में अनूपपुर जिले में जिला क्रीड़ा प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं। खेल से जुड़े परिवार से आने वाले अभय ने क्रिकेट के प्रति अपनी रुचि को लगातार आगे बढ़ाते हुए स्कोरिंग की बारीकियों को सीखने और समझने के लिए लंबे समय से मेहनत की। क्रिकेट मैच के दौरान स्कोरिंग की तकनीक, खिलाड़ियों के प्रदर्शन का रिकॉर्ड, रन, विकेट, ओवर सहित खेल से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने की प्रक्रिया को सीखने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया।

वर्षों की मेहनत बनी सफलता की वजह

अभय के चयन को उनकी मेहनत, लगन और क्रिकेट स्कोरिंग के प्रति निरंतर रुचि का परिणाम बताया जा रहा है। लंबे समय से क्रिकेट स्कोरिंग की बारीकियों को सीखने के बाद उन्होंने MPCA की स्कोरर परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उनका चयन स्कोरर के रूप में हुआ। क्रिकेट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और मैच के आधिकारिक आंकड़ों को दर्ज करने में स्कोरर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के स्तर पर स्कोरर के रूप में चयन अभय के लिए खेल क्षेत्र में एक नई जिम्मेदारी और अवसर लेकर आया है।

क्रिकेट जगत से जुड़े लोगों ने दी बधाई

अभय की इस उपलब्धि पर संभागीय क्रिकेट संघ अध्यक्ष सुनील खरे, सचिव अजय द्विवेदी, कोच एवं मार्गदर्शक सोनू रॉबिन्शन, BCCI अंपायर राकेश त्रिपाठी, अनूपपुर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष अजय मिश्रा सहित क्रिकेट एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी। इसके अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, महामंत्री कृष्ण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी, ग्राम पंचायत नेमुहा के सरपंच लखन सिंह, सचिव ध्रुव सिंह, श्री राम द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, राकेश नामदेव, राकेश तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम द्विवेदी, सुरेश कुमार मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, राजीव शर्मा,अनिल द्विवेदी ओमप्रकाश द्विवेदी राहुल दिवेदी मिथलेश मिश्रा, अनीश मिश्रा, पप्पू यादव, सुशील सिंह, शिवराम चतुर्वेदी सहित ग्राम पंचायत अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

शिक्षकों और खेल विभाग से भी मिली शुभकामनाएं

अभय की सफलता पर रामपुर हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार शर्मा, कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय बुढ़ार के प्राचार्य संजीव कुमार त्रिपाठी, शिक्षक अरविंद शर्मा, जिला क्रीड़ा प्रभारी शहडोल संजीव शर्मा, पुष्पराज सिंह, संजय मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, प्रभात कुमार त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी, माजिद खान, सिराज अहमद, सौरभ मिश्रा, अभिलाष चतुर्वेदी, रूपेंद्र शर्मा, गोरेलाल सिंह सहित इष्ट-मित्रों और पत्रकार बंधुओं ने बधाई दी। सभी ने अभय कुमार मिश्रा के चयन को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पिता के खेल क्षेत्र से जुड़े होने का भी मिला मार्गदर्शन

अभय कुमार मिश्रा के पिता उपेंद्र कुमार मिश्रा स्वयं खेल गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में अनूपपुर जिले के नवनियुक्त जिला क्रीड़ा प्रभारी हैं। ऐसे में खेल के वातावरण और मार्गदर्शन के बीच अभय ने क्रिकेट स्कोरिंग के क्षेत्र में अपनी रुचि विकसित की और लगातार अभ्यास एवं सीखने के प्रयास किए। अब MPCA में स्कोरर के रूप में चयन के बाद अभय को क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और तकनीकी जानकारी को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वे आने वाले समय में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए शहडोल और बुढ़ार क्षेत्र का नाम आगे बढ़ाएंगे। अभय की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों और क्रिकेट से जुड़े युवाओं को भी खेल के विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है।

डी.ए.वी. बुढ़ार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा एवं आस्था पूर्वक मनायी गई



बुढ़ार। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।इस अवसर पर महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' एवं 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सी.एल. सरावगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी श्रद्धा नमन के उपरांत कहाकि - विस्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ चित्त का वास होता है, स्वस्थ रहने के लिये शरीर के साथ-साथ आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रखना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय एवं उसके आसपास स्वच्छता बनाये रखने के लिये प्रेरित किया।प्राचार्य श्री उरमलिया ने जयंती के पुण्य अवसर पर कहाकि - दोनों महापुरुषों का जीवन हमें सादा जीवन, उच्च विचार, सत्य, अहिंसा, ईमानदारी, परिश्रम एवं स्वच्छता का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं स्वच्छता रखने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया।प्राचार्यविनय मोहन उरमलिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श सदैव अनुकरणीय हैं। सत्य, अहिंसा, परिश्रम और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना ही इन महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और अपने कर्तव्यों के प्रति संकल्प लेने का दिन भी है। गांधी जी के स्वच्छता संदेश को आत्मसात करते हुये विद्यालय परिसर एवं आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात 'रन फॉर डी.ए.वी.' का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने महापुरुषों एवं डी.ए.वी. के जयघोष के साथ लगभग 2.5 किलोमीटर की दौड़ लगाई। छोटे-बड़े सभी विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह रहा।

स्वच्छता से आदर्श गांव की ओर मरजाद की रही नई पहल - विद्यार्थियों को मिलीं नई डेस्क

रिलायंस सीबीएम परियोजना द्वारा ग्राम मरजाद में वृहद स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



बुढ़ार। स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ, सुंदर और विकसित गांव की मजबूत नींव है। इसी सोच को साकार करने रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत 1 अक्टूबर को ग्राम मरजाद में वृहद स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, और इस अभियान में 150 से अधिक ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर श्रमदान किया और गांव के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में प्रशंसनीय योगदान दिया।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 17 सितंबर से संचालित अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ समुदाय को अपने गांव एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के लिये सक्रिय रूप से जोड़ना रहा है और इस अभियान के अंतर्गत पंचायतो के विद्यालयों में चित्रकला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं पेयजल स्थलों की सफाई, सामुदायिक स्वच्छता गतिविधियां, 'स्वच्छता के लिये खेल' के तहत मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच तथा महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सामुदायिक हित समूहों के साथ जागरूकता बैठकें निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

ग्राम - मरजाद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में ग्रामीणों की भूमिका के प्रति जागरूकता के साथ हुई। इसके बाद ग्रामीणों, महिला समूहों, परियोजना कर्मचारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं ने मिलकर श्रमदान किया। अभियान के दौरान सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय परिसर, खेल मैदान और पेयजल टंकी के आस-पास विशेष रूप से साफ-सफाई की गई। अभियान में रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना के संचालन एवं अनुरक्षण, सुरक्षा, जनसंपर्क एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विभागों के कर्मचारी भी सहभागी बने।

आदर्श गांव के रूप में विकसित हो रहा ग्राम - मरजाद

सी.बी.एम. परियोजना के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मरजाद गांव को नवाचार के रूप में आदर्श गांव के तौर पर विकसित करने की दिशा में रिलायंस द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख राजेश वर्मा ने स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुये उन्होंने कहाकि - किसी भी गांव के सतत एवं समग्र विकास के लिये समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण आधारशिला, जो स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण जनों की सहभागिता से देखी जा रही है जो प्रशंसनीय है। विद्यार्थियों को मिलीं पढ़ाई के लिये डेस्क - कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय मरजाद के विद्यार्थियों को अध्ययन की सुविधा के लिये डेस्क प्रदान की गईं, जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय में बेहतर एवं सुविधाजनक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने में निश्चित ही सहयोग मिलेगा। मरजाद में आयोजित यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ जनभागीदारी, सामुदायिक जिम्मेदारी और गांव के विकास की साझा सोच को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, और परियोजना टीम तथा ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित मरजाद की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

पाली महाविद्यालय में गांधी जयंती एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



बिरसिंहपुर पाली। शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में 2 अक्टूबर 2026को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शपथ ग्रहण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं राष्ट्रसेवा की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। हमें गांधीजी के आदर्शों को अपनाकर समाज और देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय परिसर स्थित गांधी वाटिका में जाकर महात्मा गांधी को पुष्पमाला अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने स्वच्छता बनाए रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि महात्मा गांधी का स्वच्छता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है। इसके पश्चात समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने स्वक्षता कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। श्री अनुभव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के स्वच्छता, सत्य, अहिंसा एवं राष्ट्रीय सेवा के विचारों को अपने जीवन में अपने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में श्री अंकुश सोनी, श्री मुन्ना सिंह राठौर, सुश्री श्यामा पाटले , श्री प्रह्लाद सिंह, श्री रमेश लाल संत , श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, श्री कमलेश बैगा एवं श्री कमलेश सिंह सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में आज से लगेंगे सेवा सेतु शिविर

विकासखण्डों में 3 अक्टूबर तथा नगरीय निकायों में 4 अक्टूबर को लगेंगे शिविर

उमरिया। सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में 3 अक्टूबर को शिविर लगेंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 4 अक्टूबर को सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी तथा जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर प्रिया अग्रवाल को नोडल अधिकारी बनाया है जबकि आशीष शर्मा सहायक नोडल अधिकारी होगे। इसी प्रकार करकेली जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित शिविर के लिए प्रभांशु सिंह सीईओ, पाली में आयोजित शिविर के लिए कन्हाई कुंवर सीईओ तथा मानपुर जनपद पंचायत में आयोजित शिविर के लिए अंकित सिरोठिया सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्र में 4 अक्टूबर को रानी दुर्गावती भवन उमरिया में , गायत्री मंदिर के पास वार्ड नंबर 12 पाली, टाउन हॉल चंदिया में , अटल प्रतिमा के पास वार्ड नंबर 8 बस स्टैंड नौरोजाबाद में तथा नगर परिषद प्रांगण मानपुर में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए संबंधित सीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविर में मौके पर लाभान्वित हितग्राहियों के वीडियो बनाने की व्यवस्था करें। शिविर में मंचीय कार्यक्रम तथा सेल्फी प्वाइंट बनाएं। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संबंधित नोडल अधिकारी शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करें। शिविर समाप्त होने के बाद शिविर की गतिविधियों से जुड़े फोटो और वीडियो के साथ विवरण सीएम इवेंट पोर्टल में शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं। शिविर स्थल में पेयजल, साफ-सफाई, बिजली की आपूर्ति, टायलेट तथा सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

भारत विकास परिषद ने सिखाया योग किया वृक्षारोपण







शहडोल। भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिवस से आरंभ हुए सेवा संकल्प अभियान में जिला प्रशासन के सामाजिक न्याय विभाग के साथ सहभागिता किया। उक्त अवसर पर वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में वृद्ध जनों का सम्मान करते हुए उन्हें फल एवं वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय मुद्रिका सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात की आज भारत विकास परिषद के सदस्य इस सेवा कार्य में सहभागी बन रहे हैं । उन्होंने वर्तमान में समय दान को सबसे बड़ी आवश्यकता बताया तथा लोगों से आग्रह किया कि वह अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर बुजुर्गों के साथ बिताए। उन्होंने परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर वृक्षारोपण भी किया । अपने संबोधन में परिषद के क्षेत्रीय संयोजक संपर्क एसएस जौहरी ने कहा कि आज वृद्ध जनों को सूक्ष्म योगाभ्यास एवं फिजियोथैरेपी प्रदान की गई है जिससे उनके वृद्धावस्था के जीवन में सहायता मिलेगी । उन्होंने आगामी शीत ऋतु में वृद्ध जनों को सक्रिय रहने की सलाह दी। परिषद के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। प्रांतीय पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने वृद्ध जनों को समर्पित कविता सुनाया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में परिषद की सचिव नीति सिंघल ने वृद्ध जनों को उपयोगी सूक्ष्म व्यायाम सिखाएं तथा उनसे अभ्यास का आग्रह किया । फिजियोथैरेपिस्ट डॉ दीपक प्रजापति ने वृद्ध जनों की जांच करते हुए उन्हें समाधानिक अभ्यास बताएं।कार्यक्रम के उपरांत परिषद के सदस्य अखिलेश शर्मा में रक्तदान किया। कार्यक्रम में जनसंपर्क के सहायक संचालक गजेंद्र द्विवेदी, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, राकेश खरे, डॉ सुशील सिंघल डॉ ओपी चौधरी, अशोक सराफ, विजय दुबे, अशोक मोर, भारती गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा, गौरव मिश्रा, अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद व्दारा विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के निर्देशन एवं सेक्टर क्रमांक-05 चौरी की परामर्शदाता श्रीमती अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरपंच द्वारिका सिंह, नवांकुर पुष्पेंद्र सिंह तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अमित सोनी, संजय सिंह, समरजीत सिंह, जयपाल सिंह, अतुल सिंह, उपसरपंच बॉबी बाई सिंह , शिव कुमार सिंह, एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और समाज के प्रति सेवा भावना का संदेश दिया गया। उपस्थित नागरिकों ने अधिक से अधिक फलदार एवं उपयोगी पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।





खबर संक्षेप



गांधी जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, आयोजित किए गए कार्यक्रम

बिजुरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान शहडोल संभाग प्रभारी गौरव शिलोठिया, जिला प्रभारी संजय साहू एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। बिजुरी के भवहनिया तालाब में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने तालाब परिसर में साफ-सफाई की तथा स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाए गए स्वच्छता अभियान का सकारात्मक प्रभाव समाज में दिखाई दे रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में आयोजित विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वच्छता को अपनाना आवश्यक है। जिस स्थान पर हम रहते हैं, वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने से समाज और नगर को व्यापक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन में स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता दी थी। गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को जनअभियान का रूप देकर समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती पर स्वच्छता का संकल्प लेकर सेवा संकल्प अभियान को आगे बढ़ाया। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

शुष्क दिवस पर कम्पोजिट दुकान की सीलिंग पर उठे सवाल

बेपरवाह आबकारी विभाग

अनूपपुर। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित होने के चलते जिले में मदिरा दुकानों का संचालन बंद रहा। इसी क्रम में अनूपपुर स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान नंबर-2 को 1 अक्टूबर की रात्रि 11:30 बजे के बाद बंद कर सील किए जाने की कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

आबकारी अधिकारी की गैर मौजूदगी में दुकान सील किए जाने का दावा
शराब दुकान सील करने नहीं पहुंचा आबकारी अमला



बताया जा रहा है कि दुकान को सील किए जाने के दौरान मौके पर आबकारी विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था और दुकान से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा ही सील लगाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद हमारे प्रतिनिधि द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने की बात भी सामने आई है। बताया गया है कि दुकान बंद करने और सील किए जाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी उपलब्ध है। वीडियो में उस समय मौके पर मौजूद व्यक्तियों तथा दुकान को बंद और सील किए जाने की प्रक्रिया की स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।



आधी रात के बाद बंद हुई दुकान

जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस होने के कारण 1 अक्टूबर की रात्रि 11:30 बजे के बाद कम्पोजिट मदिरा दुकान नंबर-2 को बंद किया गया। इसके बाद दुकान के प्रवेश द्वार पर सील लगाए जाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान आबकारी विभाग के किसी अधिकृत अधिकारी की मौके पर मौजूदगी नहीं होने का दावा किया जा रहा है। दुकान से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा ही दुकान को सील किए जाने की बात कही जा रही है। यही स्थिति अब चर्चा का विषय बनी हुई है और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

क्या विभागीय अधिकारी की मौजूदगी जरूरी थी?

मामले का सबसे बड़ा सवाल यही है कि शुष्क दिवस के लिए दुकान बंद करने तथा उसे सील करने की प्रक्रिया में संबंधित आबकारी विभाग के अधिकारी की भूमिका क्या निर्धारित है। यदि दुकान विभागीय निर्देश पर सील की गई थी तो उस निर्देश की प्रति और कार्रवाई का रिकॉर्ड सामने आना चाहिए। वहीं यदि दुकान को बंद करने और सील करने की जिम्मेदारी लाइसेंसी पक्ष के प्रतिनिधियों को दी गई थी, तो यह भी स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि इसके लिए किस अधिकारी द्वारा निर्देश अथवा अनुमति दी गई थी।

पंचनामा और स्टॉक का सत्यापन हुआ या नहीं?

दुकान को बंद करने के समय दुकान में उपलब्ध मदिरा के स्टॉक की स्थिति, दुकान बंद करने का समय, सील की स्थिति तथा मौके पर मौजूद व्यक्तियों का विवरण दर्ज किया गया या नहीं, यह भी महत्वपूर्ण सवाल है। यदि इस संबंध में विभाग द्वारा पंचनामा तैयार किया गया है तो उसे रिकॉर्ड में होना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि दुकान बंद होने के बाद शुष्क दिवस के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा उसका निरीक्षण किया गया अथवा नहीं।

प्रतिनिधियों द्वारा सील लगाने पर सवाल

स्थानीय स्तर पर सबसे अधिक चर्चा इस बात को लेकर है कि यदि मौके पर आबकारी विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था तो दुकान को सील करने की प्रक्रिया किसके निर्देश पर पूरी की गई। दुकान से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं सील लगाए जाने की स्थिति में यह जानना जरूरी हो जाता है कि क्या विभाग ने उन्हें ऐसा करने के लिए अधिकृत किया था। यदि हां, तो संबंधित आदेश या निर्देश क्या था और क्या उसकी कोई विभागीय प्रविष्टि की गई है। इन सवालों का जवाब संबंधित आबकारी अधिकारियों के अधिकृत बयान से ही स्पष्ट हो सकेगा।

विभाग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग

मामले में आबकारी विभाग से यह स्पष्ट किए जाने की अपेक्षा है कि कम्पोजिट मदिरा दुकान नंबर-2 को सील करने का आदेश किस अधिकारी ने दिया? सील लगाए जाने के समय आबकारी विभाग का कौन अधिकारी या कर्मचारी मौके पर मौजूद था? यदि कोई अधिकारी मौजूद नहीं था तो प्रतिनिधियों को सील लगाने की अनुमति किस आधार पर दी गई? क्या दुकान बंद करने का पंचनामा तैयार किया गया? क्या दुकान के स्टॉक का सत्यापन किया गया? क्या सील का कोई विभागीय रिकॉर्ड तैयार किया गया? क्या शुष्क दिवस के दौरान विभागीय टीम द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया? क्या दुकान सील किए जाने की पूरी प्रक्रिया की कोई विभागीय वीडियोग्राफी या अन्य रिकॉर्ड उपलब्ध है?

शुष्क दिवस पर निगरानी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण

2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस होने के कारण मदिरा बिक्री प्रतिबंधित रहती है। ऐसे में शराब दुकानों को निर्धारित समय से बंद रखना और शुष्क दिवस के दौरान बिक्री न होने देना आबकारी प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी कारण दुकान बंद कराने की प्रक्रिया भी पारदर्शी होना आवश्यक है। यदि विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे और दुकान से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा ही सील लगाई गई, तो विभाग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह कार्रवाई किस नियम अथवा आदेश के तहत की गई।

अब विभागीय जवाब का इंतजार

फिलहाल कम्पोजिट मदिरा दुकान नंबर-2 को 1 अक्टूबर की रात 11:30 बजे के बाद सील किए जाने और उस दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी की कथित गैरमौजूदगी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मामले में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले संबंधित आबकारी विभाग का पक्ष सामने आना जरूरी है। विभाग यदि यह स्पष्ट कर देता है कि दुकान को सील करने की प्रक्रिया निर्धारित नियमों और विभागीय आदेश के अनुसार की गई थी तो उठ रहे सवालों की स्थिति साफ हो सकती है। दूसरी ओर यदि प्रक्रिया में किसी स्तर पर निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं हुआ है तो विभाग द्वारा इसकी जांच और आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल सवाल यही है कि शुष्क दिवस पर दुकान बंद करने की कार्रवाई यदि विभागीय निगरानी में हुई थी, तो मौके पर आबकारी अधिकारी कौन था और यदि अधिकारी मौजूद नहीं था तो प्रतिनिधियों द्वारा दुकान सील करने की अनुमति किस आधार पर दी गई।

नियमितीकरण की योजना तैयार, फिर नोटिफिकेशन में क्यों देरी?

बिजली संविदा कर्मियों ने नोडल कंपनी से मांगी वस्तु-स्थिति

4-5 हजार कर्मचारियों और परिवारों में बढ़ रहा आक्रोश

कोतमा। बिजली कंपनियों में वर्षों से जोखिम उठाकर सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नवीन नियुक्ति योजना तैयार किए जाने की प्रक्रिया के बावजूद इसका अधिसूचना जारी नहीं होने पर म.प्र. विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने नोडल कंपनी म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। संघ के शहडोल संभाग क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रजभान सूर्यवंशी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि बिजली कंपनियों में वर्षों से संविदा आधार पर कार्यरत लाइन परिचारक, परीक्षण सहायक सहित अन्य कर्मचारी नियमितीकरण की उम्मीद लगाए बैठे हैं। शासन स्तर से योजना को लेकर सैद्धांतिक सहमति के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं होने से कर्मचारियों में असमंजस और नाराजगी बढ़ रही है।

तकनीकी कर्मचारी संघ ने नोडल कंपनी से नियमितीकरण योजना की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। संघ ने पूछा है कि ऊर्जा विभाग से अनुमोदित नवीन नियुक्ति एवं नियमितीकरण योजना का प्रारूप वर्तमान में किस स्तर पर लंबित है? यदि सभी छह बिजली कंपनियों से सहमति ली जा चुकी है तो अधिसूचना जारी करने में देरी का वास्तविक कारण क्या है? संघ ने यह भी सवाल उठाया कि क्या शासन स्तर से आगे बढ़ाई गई प्रक्रिया नोडल कंपनी के स्तर पर लंबित है और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की अधिसूचना आखिर कब तक जारी होगी। संघ ने स्पष्ट समय-सीमा घोषित करने की मांग की है, ताकि वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को अपने भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सके। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि एक ओर संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर अधिसूचना जारी नहीं होने से कर्मचारी अनिश्चितता में हैं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि नोडल कंपनी ने शीघ्र वस्तु-स्थिति स्पष्ट कर अधिसूचना जारी नहीं की तो तकनीकी कर्मचारी संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। संघ ने कहा कि आंदोलन की स्थिति बनने पर इसकी जिम्मेदारी नोडल कंपनी की होगी।

सावित्री सरोवर के किनारे जलभराव, पानी के संपर्क में आया ट्रांसफार्मर और विद्युत बॉक्स

करंट फैलने की आशंका से हादसे का खतरा, विद्युत विभाग से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था की मांग

अमरकंटक। माई बगिया उत्तर तट परिक्रमा मार्ग में स्थित सावित्री सरोवर के किनारे बारिश के चलते जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। सरोवर के आसपास सड़क पर पानी भर जाने से विद्युत पोल पर लगे ट्रांसफार्मर तथा उसके नीचे स्थापित विद्युत बॉक्स भी पानी के संपर्क में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में विद्युत उपकरणों से पानी में करंट प्रवाहित होने की आशंका बनी हुई है, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। सावित्री सरोवर का उपयोग स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा भी किया जाता है। सरोवर के पानी का उपयोग लोग कपड़े धोने, मवेशियों को पानी पिलाने सहित अन्य घरेलू कार्यों में करते हैं। इसके अलावा कुछ लोग यहां अपने वाहनों को भी धोते हैं। ऐसे में यदि विद्युत उपकरणों से पानी में करंट का रिसाव होता है तो पानी के संपर्क में आने वाले लोगों और मवेशियों के लिए जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सरोवर के आसपास जलस्तर बढ़ने



से विद्युत ट्रांसफार्मर और विद्युत बॉक्स के आसपास पानी जमा हो जाता है। विद्युत उपकरणों और पानी के बीच सुरक्षा दूरी नहीं होने से खतरा और बढ़ जाता है। विशेष रूप से बच्चों, राहगीरों, श्रद्धालुओं और मवेशियों के यहां पहुंचने के कारण किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। पानी के संपर्क में आ रहे ट्रांसफार्मर एवं विद्युत बॉक्स को सुरक्षित ऊंचाई पर स्थापित करने, आवश्यक सुरक्षा कवच लगाने तथा जलभराव की स्थिति में विद्युत सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि संभावित जनहानि को रोका जा सके।

पूर्वी क्षेत्र दल ने फुटबॉल में मचाया धमाल, धार से विजेता लौटे 14 खिलाड़ी, शाजापुर में दिखेगा दम

अनूपपुर। जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के खिलाड़ियों ने फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। सरदारपुर, जिला धार में आयोजित क्षेत्र स्तरीय फुटबॉल जूनियर वर्ग की विभागीय प्रतियोगिता में अनूपपुर के पूर्वी दल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबलों में जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता बनने के बाद खिलाड़ी शुक्रवार को अनूपपुर लौटे, जहां स्टेशन के सामने खेल शिक्षकों और विभागीय प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर पूर्वी दल के 14 खिलाड़ियों का चयन शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अब ये खिलाड़ी शाजापुर में होने वाली राज्य



स्तरीय प्रतियोगिता में अनूपपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की तैयारियों और प्रतियोगिता को लेकर जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्थाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। वहीं क्षेत्र संयोजक संतोष बाजपेई के निर्देशन में खिलाड़ियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन मिला। जिला क्रीड़ा प्रभारी उपेंद्र कुमार मिश्रा की देखरेख में वरिष्ठ पीटीआई और खेल प्रशिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की तैयारियों में सहयोग किया। धार से विजेता बनकर लौटे खिलाड़ियों का अनूपपुर स्टेशन के सामने उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पीटीआई सलीम सिद्दीकी, मनोज सोनी, किशोर कुमार साकेत, विवेक यादव, अजय कुमार शर्मा और साक्षी पाठक सहित अन्य व्यायाम शिक्षक एवं विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं दल के प्रबंधक शिवकुमार मार्को और कोच प्रीतम उइके सहित चयनित खिलाड़ियों का भी स्वागत किया गया। खेल शिक्षकों ने कहा कि खिलाड़ियों ने क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित की है और अब राज्य स्तर पर भी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलना होगा। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनने के बाद अब अनूपपुर के 14 खिलाड़ी शाजापुर में होने वाली शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मैदान पर उतरेंगे। खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह है और उम्मीद है कि ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर अनूपपुर का नाम रोशन करेंगे।

अनूपपुर के मुख्यालय की राजनीतिक बारी कब? 23 साल बाद भी अनूपपुर मुख्यालय की राजनीतिक बारी क्यों नहीं?

शहडोल में प्रेमजी निगम से अजय अवस्थी और भाजपा में लल्लू सिंह से अमिता चपरा तक मुख्यालय को मिला नेतृत्व

अनूपपुर में क्यों नहीं बनी ऐसी परंपरा?

अनूपपुर। 15 अगस्त 2003 को अस्तित्व में आए अनूपपुर जिले को करीब 23 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इन वर्षों में जिले ने प्रशासनिक पहचान से लेकर राजनीतिक रूप से भी अपनी अलग जगह बनाई। विधानसभा चुनाव हुए, सांसद-विधायक बदले, सरकारें बदलीं, राजनीतिक गुट और समीकरण बदले तथा संगठन में नई पीढ़ियां सामने आईं। लेकिन इसी राजनीतिक सफर के बीच एक सवाल आज भी कायम है अनूपपुर जिला मुख्यालय से स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व को जिला संगठन की शीर्ष कमान कितनी बार मिली? मुद्दा किसी एक व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाए जाने या नहीं बनाए जाने का नहीं है। असली सवाल मुख्यालय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नेतृत्व की उस परंपरा का है, जो किसी जिले के संगठन को लंबे समय में मजबूत करती है।

पड़ोसी शहडोल में बनी नेतृत्व की मिसाल

इस सवाल को समझने के लिए पड़ोसी शहडोल का उदाहरण राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच अक्सर दिया जाता है। कांग्रेस में प्रेमजी निगम, राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, सुभाष गुप्ता, आजाद बहादुर सिंह और अजय अवस्थी जैसे नाम तथा भाजपा में लल्लू सिंह, अमरनाथ शर्मा, अनुपम अनुराग अवस्थी, कमल प्रताप सिंह और अमिता चपरा जैसे नाम जिला मुख्यालय से जुड़े संगठनात्मक नेतृत्व के उदाहरण के रूप में चर्चा में आते हैं। हालांकि शहडोल और अनूपपुर की सामाजिक, भौगोलिक और राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं। इसलिए दोनों जिलों की सीधी तुलना उचित नहीं होगी। लेकिन शहडोल के उदाहरण से इतना सवाल जरूर उठता है कि क्या जिला मुख्यालय से संगठनात्मक नेतृत्व विकसित करने की परंपरा अनूपपुर में मजबूत नहीं हो सकी?

अनूपपुर में कभी नहीं रही चेहरों की कमी

अनूपपुर मुख्यालय में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की कमी नहीं रही। कांग्रेस और भाजपा दोनों में अलग-अलग दौर में ऐसे स्थानीय चेहरे सक्रिय रहे, जिन्होंने चुनाव, संगठन, आंदोलन और स्थानीय मुद्दों में भूमिका निभाई। पुराने राजनीतिक दौर में कांग्रेस के स्वर्गीय भाईलाल पटेल का नाम जिला संगठन के नेतृत्व से जुड़ा रहा। इसके बाद भी मुख्यालय से कई



राजनीतिक कार्यकर्ता सक्रिय रहे, लेकिन जिला संगठन की शीर्ष जिम्मेदारी तक मुख्यालय के स्थानीय चेहरों की निरंतर पहुंच दिखाई नहीं दी। यहीं से सवाल और गहरा हो जाता है जब मुख्यालय में राजनीतिक जमीन, कार्यकर्ता और सक्रिय चेहरे मौजूद थे, तो जिला संगठन के शीर्ष नेतृत्व में उनकी निरंतर भागीदारी क्यों नहीं बन सकी?

क्षेत्रीय संतुलन या संगठनात्मक समीकरण?

इसके कई संभावित कारण हो सकते हैं। अनूपपुर की राजनीति केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं है। कोतमा और पुष्पराजगढ़ जैसे क्षेत्रों की अपनी मजबूत राजनीतिक पहचान और कार्यकर्ता आधार है। जिला अध्यक्ष का चयन करते समय राजनीतिक दल पूरे जिले के क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हैं। इसके अलावा संगठनात्मक पकड़, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंच, वरिष्ठ नेताओं का समर्थन, स्थानीय स्वीकार्यता और पार्टी के भीतर के समीकरण भी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। कई बार दल किसी ऐसे क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देते हैं जहां संगठन को विस्तार या राजनीतिक संतुलन की जरूरत महसूस होती है। लेकिन इन सभी समीकरणों के बीच मुख्य सवाल अपनी जगह कायम है क्या अनूपपुर मुख्यालय के कार्यकर्ताओं को जिला नेतृत्व की दौड़ में बराबर का अवसर मिला?

सवाल अब किसी एक नाम का नहीं

जिला बनने के शुरुआती वर्षों में शायद सवाल किसी एक व्यक्ति को पद मिलने या नहीं मिलने तक सीमित रहा हो, लेकिन करीब 23 साल बाद यह सवाल व्यक्ति से आगे बढ़कर व्यवस्था और नेतृत्व परंपरा का बन गया है। क्या मुख्यालय के नेता पूरे जिले में स्वीकार्य नहीं हो पाए? क्या ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व संगठनात्मक नियुक्तियों में अधिक महत्वपूर्ण रहा? क्या क्षेत्रीय संतुलन साधना प्राथमिकता बनी रही? या फिर मुख्यालय के कार्यकर्ता अपने लिए उतना संगठनात्मक आधार नहीं बना पाए, जितना जिला नेतृत्व के लिए जरूरी होता है? इन सवालों का जवाब किसी एक दल या व्यक्ति से नहीं जुड़ा है। यह अनूपपुर की व्यापक संगठनात्मक राजनीति से जुड़ा विषय है।

अगली नियुक्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण होगा राजनीतिक संदेश

आने वाला संगठनात्मक फेरबदल इसलिए महत्वपूर्ण होगा कि राजनीतिक दल पुराने क्षेत्रीय समीकरणों को आगे बढ़ाते हैं या जिला मुख्यालय के सक्रिय चेहरों को भी नेतृत्व की दौड़ में गंभीर स्थान देते हैं। जिला अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक पद नहीं है। यह मंडल से लेकर बूथ तक पार्टी की दिशा तय करने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए मुख्यालय से नेतृत्व का लगातार शीर्ष स्तर तक नहीं पहुंचना स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए महज पद का सवाल नहीं, बल्कि राजनीतिक अवसर और भविष्य की नेतृत्व पीढ़ी का सवाल भी बन सकता है। अनूपपुर के सामने अब सवाल यह नहीं है कि अगला जिला अध्यक्ष कौन होगा। बड़ा सवाल यह है कि 23 साल बाद क्या जिला मुख्यालय से भी ऐसी नेतृत्व परंपरा विकसित होगी, जिसमें स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ता जिले की संगठनात्मक कमान तक पहुंच सकें? शहडोल के उदाहरण अनूपपुर के लिए नकल का मॉडल नहीं, बल्कि एक आईना हैं। जब पड़ोसी जिले में मुख्यालय से संगठनात्मक नेतृत्व के उदाहरण गिनाए जाते हैं, तो अनूपपुर में यह परंपरा क्यों नहीं बन सकी यही सवाल अब राजनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

सार्वजनिक सूचना
(PUBLIC NOTICE)

सर्वसाधारण को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मैं, डॉ. लोकेश कुमार मोहबे, पत्नी डॉ. पूजा मोहबे, निवासी वार्ड नंबर 9, अनूपपुर, ने श्रीमती साधना मिश्रा, पिता श्री महेश प्रसाद मिश्रा, निवासी वार्ड नंबर 11, अनूपपुर की मालिकाना हक एवं आधिपत्य वाली निम्नलिखित अचल संपत्ति (भूमि) को क्रय करने हेतु दिनांक 23.09.2026 को इकरारनामा/एग्रीमेंट किया है।

संपत्ति का विवरण - जिला: अनूपपुर - तहसील: अनूपपुर - ग्राम/शहर: अनूपपुर - खसरा/ सर्वे/ प्लॉट नंबर: 45/1/2/4 - कुल क्षेत्रफल (रकबा): 0.0210 हेक्टेयर (लगभग 2250 वर्गफीट, 50x45 फीट) चौहद्दी: - पूर्व: अश्विनी सिंह वगै. - पश्चिम: नगर पालिका सी.सी. रोड - उत्तर: रामपाल प्रजापति का मकान - दक्षिण: आकाश कुमार शिवहरे की भूमि

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा किसी शासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की आपत्ति, स्वत्व (Ownership), भार (Charge), लियन (Lien) बंधक (Mortgage) अथवा अन्य कोई अधिकार/हित हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित करें।

निर्धारित 30 दिवस की अवधि में यदि कोई आपत्ति अथवा दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में कोई वैध दावा, भार अथवा आपत्ति नहीं है तथा क्रेता द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री की कार्यवाही आगे पूर्ण की जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्तियों के संबंध में क्रेता उत्तरदायी नहीं होगा।

सूचना जारीकर्ता
डॉ. लोकेश कुमार मोहबे
पता: C/o अजय कुमार सोनी, वार्ड नंबर 9, बाबा कॉलोनी, मंदाकिनी होटल के सामने, जिला अनूपपुर (म.प्र.)
मोबाइल: 8770785437 दिनांक: 03.10.2026